




## आईपीएल में आरसीबी के लिए भी खेल चुके

ऑस्ट्रेलिया के लिए तीन टेस्ट और 6 वनडे खेल चुके मैडिन्सन के नाम इंटरनेशनल क्रिकेट में कोई विकेट नहीं है। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उन्होंने 8, लिस्ट ए में 7 और टी20 में 13 विकेट लिए हैं। 30 साल के मैडिन्सन ने 2018 में ऑस्ट्रेलिया के लिए आखिरी मुकाबला खेला था। वे आईपीएल में आरसीबी के लिए भी खेल चुके हैं। शेफील्ड शील्ड का फाइनल मुकाबला ड्रॉ रहा। वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 386 और दूसरी पारी में 7 विकेट पर 400 रन बनाए। वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरी पारी में पहली पारी में बढ़त के आधार पर वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया ने ट्रॉफी जीती।

## ऑस्ट्रेलिया को मिला अपना जसप्रीत बुमराह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पर्थ। भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह दुनिया के टॉप गेंदबाजों में गिने जाते हैं। 2016 में भारत के लिए डेब्यू करने वाले बुमराह ने टीम को कई मुकाबलों में मुश्किल परिस्थिति से जीत दिलाई है। बल्लेबाजों के पास उनकी सटीक यॉर्कर का कोई जवाब नहीं होता है। अपने खेल के साथ ही बुमराह अपनी गेंदबाजी एक्शन के लिए भी चर्चा में रहते हैं। उनके एक्शन को कॉपी करने के वीडियो काफी वायरल होते हैं, लेकिन अब लाइव मैच में गेंदबाज ने उनका एक्शन कॉपी किया। ऑस्ट्रेलिया की घरेलू टूर्नामेंट शेफील्ड शील्ड का फाइनल मुकाबला वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया और विक्टोरिया के बीच खेला गया। इस मैच के दौरान विक्टोरिया के पार्ट टाइम गेंदबाज निक मैडिन्सन ने जसप्रीत बुमराह के एक्शन में गेंदबाजी की। बाएं हाथ के गेंदबाज मैडिन्सन स्पिन गेंदबाज हैं, लेकिन इस मुकाबले में उन्होंने तेज गेंदबाजी की। कमेंट्रेटर ने भी उनकी गेंदबाजी की तुलना बुमराह से की। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने निक मैडिन्सन की गेंदबाजी का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया।

# श्रीलंका के लोगों को मिला संगकारा जयवर्धने समेत क्रिकेटरों का साथ

क्रिकेट

## श्रीलंका में आपातकालीन कानून और कर्फ्यू को देखकर दुखी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलंबो। श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर महेला जयवर्धने और कुमार संगारा के साथ ही वर्तमान खिलाड़ियों ने सोशल मीडिया पर अपने देश की मौजूदा हालात पर प्रतिक्रिया दी है। श्रीलंका आर्थिक संकट से जूझ रहा है। देश में इसका विरोध शुरू हो गया है। कैंडी शहर में सैकड़ों छात्रों ने सरकार का विरोध किया। देश को रोजमर्रा की जिंदगी में इस्तेमाल होने वाली आवश्यक चीजों के लिए जूझना पड़ रहा है। जिसमें ईंधन और भोजन की चीजें भी शामिल हैं।

श्रीलंका के पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने आईपीएल में मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच हैं। उन्होंने अपने देश की स्थिति पर दुख व्यक्त किया। महेला ने सोशल मीडिया पर लिखा, मैं श्रीलंका में आपातकालीन कानून और कर्फ्यू को देखकर दुखी हूं। सरकार उन




लोगों की जरूरतों की अनदेखी नहीं कर सकती, जिन्हें विरोध करने का पूरा अधिकार है। ऐसा करने वाले लोगों को हिरासत में लेना स्वीकार्य नहीं है और मुझे उन बहादुर श्रीलंकाई वकीलों पर बहुत गर्व है जो उनका बचाव कर रहे हैं। वहीं राजस्थान रॉयल्स डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट कुमार संगकारा ने लिखा, श्रीलंका के लोग सबसे कठिन समय से गुजर रहे हैं। लोगों और परिवारों की निराशा को देखकर दिल दहल जाता है क्योंकि वे इसे पूरा करने के लिए दिन भर संघर्ष करते हैं, और उनके लिए हर दिन कठिन होता जाता है।

इनके अलावा पंजाब किंग्स के लिए खेल रहे बाएं हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज भानुका राजपक्षे और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के लेग स्पिनर वानिंदु हसरंगा ने भी देश के लोगों का समर्थन किया। भानुका ने लिखा, भले ही मैं कई मील दूर हूं, फिर भी मैं अपने साथी श्रीलंकाई लोगों की पीड़ा को महसूस कर सकता हूं, क्योंकि वे हर दिन इसे पूरा करने के लिए संघर्ष करते हैं। अब, उन्होंने अपनी आवाज को दबाने के प्रयास हो रहे हैं। लेकिन जब 22 मिलियन आवाजें एक के रूप में उठती हैं, तो इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।

पूर्व तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा ने भी देश के लोगों के समर्थन में पोस्ट किया। मुंबई इंडियंस के पूर्व तेज गेंदबाज मलिंगा अभी राजस्थान रॉयल्स के गेंदबाजी कोच की भूमिका निभा रहे हैं।

# एमएस धोनी के रहते क्यों सीएसके की हुई शर्मनाक हार?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। मौजूदा चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के 2022 सीजन की शुरुआत उम्मीदों के मुताबिक नहीं की है। उसे पंजाब किंग्स के खिलाफ 54 रनों की बड़ी हार झेलनी पड़ी। यह टूर्नामेंट में लगातार तीसरी हार है। इस मैच के बाद महान सुनील गावस्कर और ऑस्ट्रेलियाई धाकड़ बल्लेबाज मैथ्यू हेडन टीम की हार पर चर्चा की।

सुनील गावस्कर ने धोनी की स्लो बैटिंग को हार का जिम्मेदार ठहराते हुए कहा, श्जब तक अगर महेंद्र सिंह धोनी बड़े शॉट लगाना शुरू नहीं करते हैं तो आप देख सकते हैं कि वह सिंगल-डबल लेकर स्ट्राइक बढ़ा रहे होते हैं।



इस बार वह उतना सफल नहीं था, क्योंकि लक्ष्य बड़ा था। सीएसके वहां थोड़ा फंस गया। धोनी को बड़े शॉट लगाने की जरूरत थी।

शिवम दुबे ने 30 गेंदों में 57 रन की पारी खेलकर चेन्नई की टीम को शानदार वापसी कराई थी। हालांकि, वह चेन्नई की हार बचाने में नाकाम रहे। पूरी टीम 18 ओवर में 126 रन पर आउट हो गई। उनकी इस पारी की तारीफ करते हुए हेडन ने कहा, शिवम दुबे ने विश्व स्तरीय पारी खेली। दुर्भाग्य से कोई भी उसकी मदद करने को तैयार नहीं था। 80 के स्ट्राइक रेट के साथ एमएस भी अपने खेल से थोड़ा दूर थे, जो हार की बड़ी वजह बनी।

उल्लेखनीय है कि सीएसके को अगले मैच में मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना करना है। इससे पहले उसके पास 5 दिन का ब्रेक है तो टीम अपनी गलतियों पर काम कर सकती है। बता दें कि कप्तान रविंद्र जडेजा ने भी बल्लेबाजों को हार का जिम्मेदार ठहराया था।

## राजस्थान रायल्स का कौन गेंदबाज भारत के लिए तीनों फार्मेट में खेलेगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। राजस्थान रायल्स टीम के अनुभवी ओपनर बल्लेबाज जोस बटलर को लगता है कि उनकी टीम के साथी खिलाड़ी प्रसिद्ध कृष्णा में एक सफल तेज गेंदबाज बनने के सारे गुण मौजूद हैं और उन्हें लगता है कि यह युवा खिलाड़ी तीनों प्रारूपों में भारत के लिए खेलेगा। कृष्णा ने पिछले साल मार्च में भारत के लिए वनडे में डेब्यू किया था और उनका प्रदर्शन भी अच्छा रहा है। उन्होंने अपनी गति और उछाल से वेस्टइंडीज टीम को परेशान किया था साथ ही आइपीएल के पिछले सीजन में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलते हुए अच्छा प्रदर्शन किया था। जोस बटलर ने कहा कि उनके पास पेस और स्किल की कोई कमी नहीं है और उनमें खेल के सभी प्रारूपों में भारत के लिए एक बहुत ही सफल तेज गेंदबाज होने के सभी गुण हैं। मैं उन्हें भारत के लिए भी लाल गेंद का क्रिकेट खेलते हुए देखता हूं। इस तेजतर्रार सलामी बल्लेबाज को लगता है कि टीम को संकटपूर्ण परिस्थितियों में अनुभवी रविचंद्रन अश्विन, युजवेंद्र चहल और ट्रेंट बोल्ट के अमूल्य अनुभव से फायदा हो रहा है।

## न्यूज डायरी



### अंतिम इंटरनेशनल मैच के दौरान रॉस टेलर की आंखों से निकले आंसू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** हैमिल्टन। सोमवार को न्यूजीलैंड के धाकड़ बल्लेबाज रॉस टेलर की आंखों में आंसू थे। लम्हा ही ऐसा था। वह कीवी टीम के लिए अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेलने जो उतरे थे। वह जब नीदरलैंड्स के खिलाफ अपने करियर का आखिरी मुकाबला खेलने उतरे तो टीम के लिए उनका 450वां अंतरराष्ट्रीय मुकाबला था। हालांकि अपने विदाई मैच को वह यादगार नहीं बना पाए। सडन पार्क पर वह सिर्फ 14 रन बनाकर पविलियन लौट गए। टेलर के साथ मैदान पर उनके तीनों बच्चे– मैकेंजी, जोंटी और ऐडिलेड– भी आए थे। वनडे सीरीज के आखिरी मैच से पहले सबने न्यूजीलैंड का राष्ट्रगान भी गाया। उनके तीनों बच्चों ने भी कीवी टीम की टोपी पहन रखी थी। उस कैप पर टेलर का नाम लिखा हुआ था। टेलर मार्टिन गप्टिल के साथ खड़े थे। टेलर इस लम्हे पर अपनी भावनाओं को रोक नहीं पाए। उनकी आंखों से झरझर आंसू बह रहे थे।

### कुछ सीजन में शुभमन गिल का प्रदर्शन ज्यादा अच्छा नहीं रहा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के पिछले कुछ सीजन में शुभमन गिल का प्रदर्शन ज्यादा अच्छा नहीं रहा है और टी20 क्रिकेट में उनकी बल्लेबाजी क्षमता पर भी सवाल उठाए गए थे। ओपनर बल्लेबाज (122.28) के रूप में उनकी स्ट्राइक रेट पिछले तीन सत्रों में टूर्नामेंट में सलामी बल्लेबाजों (न्यूनतम 300 गेंदों) में सबसे कम थी। यही नहीं आइपीएल के इस सीजन के पहले ही मैच में गिल शून्य पर आउट हो गए थे, लेकिन अपनी टीम के दूसरे मैच में उन्होंने 46 गेंदों पर 84 रन की पारी खेली जो उनके आइपीएल करियर की अब तक की सबसे बेस्ट पारी भी साबित हुई थी। शुभमन गिल की इस पारी से टीम इंडिया के पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री काफी प्रभावित हुए थे और उन्होंने 22 साल के इस खिलाड़ी की तारीफ की और कहा कि वह इस प्रारूप के लिए बने हैं। रवि शास्त्री ने स्टार स्पोर्ट्स के साथ बात करते हुए कहा कि वो प्योर टैलेंट हैं। सच कहूं तो वह गिल देश और विश्व क्रिकेट के सबसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों में से एक है। अगर वो एक बार लय में आ गए तो वो रन बनाएंगे और वो इस आसान बना देंगे।

### सीएसके को अपने लकी चार्म सुरेश रैना की कमी हो रही है महसूस?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग का खिताब चार बार जीत चुकी चेन्नई सुपर किंग्स आइपीएल 2022 में जीत के लिए तरस रही है। इस टीम को अपने पहले ही तीन लीग मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। चेन्नई को तीसरे लीग मैच में पंजाब किंग्स ने मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में 54 रन से हरा दिया और इस मैच में सीएसके की बल्लेबाजी काफी खराब रही और ये टीम 126 रन पर ही सिमट गई थी। डिफेंडिंग चैंपियन इस सीजन में भी उसी तरह से संघर्ष करती हुई दिख रही है जैसा कि इस टीम के साथ आइपीएल 2020 में हुआ था। इन दोनों सीजन में एक बात जो कामन है वो है टीम के स्टार बल्लेबाज सुरेश रैना की गैरमौजूदगी। साल 2020 में आइपीएल का आयोजन यूएई में किया गया था और उस सीजन में सुरेश रैना ने पर्सनल कारण की वजह से नहीं खेलने का फैसला किया था।

### ईशान किशन के पास ऑरेंज कैप, केकेआर के गेंदबाज के नाम सबसे ज्यादा विकेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। आईपीएल 2022 में 11 मैच के बाद मुंबई इंडियंस के सलामी बल्लेबाज ईशान किशन और राजस्थान के सलामी बल्लेबाज जोस बटलर के नाम सबसे ज्यादा रन हैं। दोनों बल्लेबाजों ने दो–दो मैच खेले हैं। जिसमें उनके नाम 135–135 रन हैं। ईशान ने दोनों मैच में अर्धशतकीय पारी खेली थी। वहीं, बटलर ने मुंबई के खिलाफ शतक लगाया था। चेन्नई सुपर किंग्स के ऑलराउंडर शिवम दुबे ऑरेंज कैप की रेस में तीसरे नंबर पर हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स के तेज गेंदबाज उमेश यादव के नाम अभी पर्पल कैप है। उमेश ने तीन मैच में 8 विकेट लिए हैं। उन्होंने 12 ओवर की गेंदबाजी में 59 रन देकर ये विकेट लिए हैं।